मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
■ वर्ष : 42 ■ अंक : 85 ■ बुधवार, 12 जून 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

### धमकियों के बावजूद शूटिंग करेंगे सलमान

# जिले में औसत से अधिक होगी बारिश

## मौसम विभाग का अनुमान
## सभी आपातकालीन व्यवस्थाएं अलर्ट रहें - पालक मंत्री ने दिए निर्देश

**ठाणे.** मौसम विभाग ने इस साल ठाणे जिले में औसत से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है. इसके चलते जिले की सभी आपातकालीन व्यवस्थाएं अलर्ट रहें। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में महामारी नियंत्रण के लिए दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाए। इसलिए गृह विभाग को नागरिकों की मदद के लिए हर थाने में 'आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर' की सुविधा शुरू करनी चाहिए. इस तरह के स्पष्ट निर्देश राज्य के उत्पाद शुल्क मंत्री और ठाणे जिले के पालक मंत्री शंभूराज देसाई ने जिला प्रशासन को दिए हैं.

मौसम पूर्वानुमान प्रणाली के माध्यम से मानसून के दौरान संभावित आपदाओं को रोकने के उपायों पर पालक मंत्री शंभुराज देसाई की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई, जहां उन्होंने ये निर्देश दिये.





मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस मानसून सीजन में जिले में औसत से अधिक बारिश होने की उम्मीद है. इसलिए स्थानीय प्रशासन को जल जमाव, अवरुद्ध नालियों वाले स्थानों का पता लगाना चाहिए और वहां उपाय करना चाहिए. जिन स्थानों पर पानी ओवरफ्लो होने की संभावना हो, वहां मनपा को पानी निकालने के लिए पंप की व्यवस्था करनी चाहिए. महानगर पालिकाओं, नगर पालिका परिषदों ने अब तक नालों की सफाई पूरी कर ली है। लेकिन कई बार अचानक बारिश होने से नालों में गंदगी जमा हो जाती है और नालियां जाम हो जाती हैं. इस पानी के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित होने से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नालियों की साफ-सफाई पर नियमित ध्यान दिया जाय।

खतरनाक इमारतों से नागरिकों की अस्थायी स्थलांतर के मामले में, अस्थायी आश्रय केंद्र सुविधाओं से सुसज्जित होना चाहिए। पालकमंत्री देसाई ने यह भी निर्देश दिये कि इस स्थान पर पीने के पानी और बिजली की सुविधा होनी चाहिए.

### जिले में 10 बहुउद्देश्यीय आश्रय केंद्र

आपातकालीन परिस्थितियों में राहत पहुंचाने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से संबंधित गांवों में पर्याप्त मात्रा में सामग्री वितरित की गई है। जिला कलेक्टर अशोक शिनगारे ने कहा कि खोज एवं बचाव अभियान के लिए तहसीलवार टीमें गठित की गई हैं और उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा दी गई है. जिले में दस स्थानों पर बहुउद्देश्यीय आश्रय केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। संभावित क्षेत्रों में कार्यों को मंजूरी मिल गयी है. साथ ही बाढ़ की आशंका वाले 152 गांवों में उपाय योजना बनाने का आदेश संबंधित प्रशासन को दिया गया है. इस बैठक में कलेक्टर शिनगारे ने बताया कि खतरनाक पुलों और गड्ढायुक्त सड़कों की मरम्मत के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं.

# गोल मैदान परिसर में ट्रक ने वृद्ध को कुचला

- बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत
- ट्रक चालक गिरफ्तार
- निवासी क्षेत्र हों ट्रांसपोर्ट मुक्त
- यातायात पुलिस ध्यान दें



**उल्हासनगर.** कैम्प 2 गोल मैदान परिसर में सच्चू केबल के पास के ट्रक ने यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए एक 71 वर्षीय वृद्ध को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में वृद्ध की मौत हो गई. पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है.

उल्हासनगर-2 गोल मैदान सच्चू केबल कृपाल मेडिकल के पास एक मालवाहक ट्रक की चपेट में आने से बुजुर्ग व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मंगलवार को कैम्प 2 गोल मैदान परिसर में सच्चू केबल के पास भगवती ट्रांसपोर्ट की ट्रक एमएच 05 के 9252 जा रही थी कि पास से जा रहे 71 वर्षीय लक्ष्मण सिचेरिया उसकी चपेट में आ गए। घटना की जानकारी मिलने पर उल्हासनगर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। मृतक के शव को उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल में रखा गया है। आगे की जांच पुलिस कर रही है।




### उल्हासनगर में सड़क हादसों में वृद्धि

उल्हासनगर में आए दिन हो रहे सड़क हादसे चिंता का विषय बने हुए है। एक तरफ खराब सड़कें दूसरी तरफ निवासी क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट की बड़ी गाड़ियां दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रही है। शहर यातायात पुलिस को निवासी क्षेत्र से ट्रांसपोर्ट मुक्त कराना चाहिए ताकि इस तरह की घटना न हो। नाना नानी पार्क परिसर इन दिनों शहर का सबसे बड़ा ट्रांसपोर्ट यार्ड हो गया है यहां कभी भी ऐसी दुर्घटना हो सकती है।

# अंबरनाथ मुस्लिम जमात ने की चुनाव की घोषणा

- प्रक्रिया के लिए महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड को दिया नोटिस
- 40 हजार मुस्लिमों का नेतृत्व करता है मुस्लिम जमात

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मुस्लिम जमात की सबसे बड़ी संस्था अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के चुनाव का बिगुल बज गया है. औरंगाबाद, महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड ने मुस्लिम जमात कार्यालय गैबनशाह दर्गा के पास चुनाव प्रक्रिया का नोटिस लगा दिया है. वक्फ बोर्ड के अधिकारी एड. सरफराज अंसारी ने दो दिनों पूर्व ये नोटिस लगाया है.

विदित हो कि मुस्लिम जमात अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट का चुनाव 5 वर्षों में होता है. 10-10-2022 को जमात के ट्रस्टियों, पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है. औरंगाबाद हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड को चुनाव कराने के आदेश भी दिए थे. अब चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. वक्फ बोर्ड के एड. सरफराज अंसारी ने बताया कि उन्हें मुस्लिम जमात ट्रस्ट का चुनाव लेने के लिए अधिकारी नियुक्त किया गया है. चुनाव तारीख की घोषणा वह जल्द करेंगे. उन्होंने अंबरनाथ के मुस्लिमों से अपील की है कि वह जमात के मेंबर बनें. जो जमात का मेंबर होगा, उसे ही वोट देने का अधिकार होगा. जमात के अध्यक्ष सलीम चौधरी ने बताया कि मस्जिदों में जमात के चुनाव की घोषणा की जा रही है. हम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं. हम भी चाहते हैं कि जल्द चुनाव हो. जमात के पूर्व ट्रस्टी शौकत शेख ने बयान दिया है कि उन्होंने किसी कारणवश जमात से इस्तीफा दिया था. अब चुनाव हो रहे हैं. जिसका वह दो वर्ष से इंतजार कर रहे थे.




विदित हो कि अंबरनाथ में लगभग 40 हजार मुसलमान हैं, जिसका नेतृत्व मुस्लिम जमात करता है. जिसके तहत तीन मस्जिद, दो कब्रस्तान और दर्गा के कामकाज को संचालित किया जाता है. जमात चुनाव की घोषणा के बाद मुसलमानों में हलचल तेज हो गई है. चुनाव में भाग लेने के लिए कई कमेटियां तैयार हो रही हैं.

# डायपर कंपनी में भीषण आग





- लाखों का माल स्वाहा
- कोई जनहानि नहीं
- पानी की सुविधा नहीं होने से आग बुझाने में हुई दिक्कत.

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी तालुका अंतर्गत सरवली एमआईडीसी स्थित ठाणे निवासी उद्योगपति अनिल कोठरी की स्वामित्व वाली सदाशिव हाईजीन प्रा. लिमिटेड नामक डायपर निर्माता कंपनी की तिमंजिला इमारत में रात्रि करीब 2.30 बजे के दौरान शार्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई. समूचे देश में डायपर सप्लाई करने वाली कंपनी की इमारत के ग्राउंड फ्लोर में लगी हुई आग देखते ही देखते विकराल रूप धारण किया और निचली मंजिला से तीसरी मंजिल पर डायपर बनाने के लिए प्रयुक्त होने वाला प्लास्टिक, कपड़ा,रूई,रसायन आदि तमाम सामाग्री आग की चपेट में आकर धूं धूं कर जल गया.

आग लगते ही कंपनी में कार्यरत करीब दर्जन भर मजदूर जान बचाकर बाहर निकल गए जिससे अनहोनी टल गई. भीषण आग की लपटों एवम काले धुवे से आसमान काला हो गया था. घटनास्थल पर कल्याण,भिवंडी, डोंबीवली, ठाणे आदि से फायर गाड़ियों ने पहुंच कर आग को बुझाने में जुटी.सदाशिव हाईजीन कंपनी के नजदीक कहीं भी पानी उपलब्ध नहीं होने से आग बुझाने में दमकल कर्मियों को खासी दिक्कत उठानी पड़ी. पानी उपलब्ध नहीं होने से आग निरंतर भड़कती गई और समूची इमारत को आग ने चपेट में ले लिया.दोपहर करीब 11 बजे कड़ी मेहनत के बाद आग बुझाने में फायरकर्मी कामयाब हुए. आग की घटना से समूचे क्षेत्र में स्थित तमाम गोदामों के मालिकों में सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त है.

### फायर स्टेशन की मांग

आश्चर्यजनक है कि एमआईडीसी परिसर में दर्जनों कपड़ा डाइंग सहित तमाम अन्य फैक्ट्रियां हैं जहां हजारों मजदूर कार्य करते हैं. आग लगने पर दमकल गाड़ियों को करीब 5 से 10 किमी दूर भिवंडी, कल्याण, डोंबिवली, ठाणे आदि से आना पड़ता है तब तक भारी हादसा हो जाता है. सुरक्षा जैसे अहम मुद्दे को शासन लगातार नजरअंदाज कर रहा है जिससे फैक्ट्री मालिकों में नाराजगी फैली है. शासन को हादसों से बचाव एवम मजदूरों की जान सुरक्षा की खातिर क्षेत्र में ही फायर स्टेशन खोलना नितांत जरूरी है.

# लोकल ट्रेन में चोरी गए गहने बरामद

**कल्याण.** माटुंगा से कसारा जा रही एक महिला के पर्स से गुरुवार को उसका मोबाइल फोन, सोने की चेन और डेढ़ लाख से ज्यादा का कीमती सामान चोरी हो गया. रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने चोर को पकड़ लिया और महिला के चुराए हुए पैसे वापस कर दिए।

ठाणे के संभाजीनगर इलाके में रहने वाली श्वेता हेमंत शिंदे (23) एक कर्मचारी हैं। वे माटुंगा इलाके में काम करने जाते हैं. गुरुवार को काम छोड़ने के बाद वह माटुंगा रेलवे स्टेशन पर कसारा लोकल में सवार हुई। वे ठाणे में उतरना चाहती थी. उन्हें लोकल में खिड़की के पास वाली सीट मिल गयी और श्वेता गहरी नींद में सो गयी. वे सीधे कसारा रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां से लोकल कसारा यार्ड गई। जहां उनकी नींद खुल गई.

जब उसे पता चला कि वह कसारा पहुंच गई है तो वह सतर्क हो गई। देखा तो बैग से मोबाइल फोन और गले से सोने की चेन चोरी हो गई थी। श्वेता तुरंत कसारा रेलवे स्टेशन आईं और वहां से




कल्याण रेलवे स्टेशन आईं. वह कल्याण लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में चोरी की रिपोर्ट करने की कोशिश की।

उसी समय कल्याण रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने आशीष जान मकासरे को गिरफ्तार कर लिया. उसके पास सोने की चेन वाला महंगा मोबाइल था। आशीष पुलिस को इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दे रहा था कि वह यह कहां से लाया था। श्वेता लोहमार्ग थाने में मौजूद थीं, वहीं रेलवे पुलिस आशीष को थाने ले आई। उस वक्त श्वेता ने पहचान लिया कि आशीष के पास मौजूद गहने व मोबाइल उसका है. पुलिस ने आशीष के खिलाफ मामला दर्ज कर श्वेता शिंदे का मोबाइल फोन, डेढ़ लाख से ज्यादा की सोने की चेन लौटा दी.

# ठाणे जिला परिषद क्षेत्र में 5 अनधिकृत प्राथमिक विद्यालय; 1 बंद, 4 स्कूल खुले

**ठाणे.** जिला परिषद क्षेत्र में 5 प्राथमिक विद्यालय अनाधिकारिक रूप से चल रहे थे जिनमें से 1 विद्यालय बंद हो चुका है तथा वर्तमान में 4 विद्यालय अनाधिकारिक रूप से चल रहे हैं। 4 अनाधिकृत स्कूलों को नोटिस जारी किया गया है. शिक्षा अधिकारी प्राथमिक बालासाहेब रक्षे ने चालू शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए इस अनधिकृत स्कूल में प्रवेश न लेने की अपील की है.

> स्कूल में प्रवेश लेते समय, माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्कूल सरकार द्वारा अधिकृत और मान्यता प्राप्त है। इस बात का ध्यान रखा जाए कि बच्चों का शैक्षणिक वर्ष बर्बाद न हो.
> -बालासाहेब राक्षे
> शिक्षा अधिकारी प्राथमिक

**जिन स्कूलों ने जिले में अनधिकृत प्राथमिक स्कूलों को बंद करने के संबंध में शपथ पत्र जमा किया है**

1. जेके इंग्लिश हाई स्कूल खडवली, कल्याण जिला, कल्याण जिला।

**जिले में अनधिकृत प्राथमिक विद्यालयों की सूची**

1. अग्निमाता इंग्लिश स्कूल पिंपलास, ता. भिवंडी
2. सुगरा बीबी इंग्लिश मीडियम स्कूल तलवली, भिवंडी
3. आर्यन इंग्लिश स्कूल, कोन, ता. भिवंडी
4. यूनिवर्सल शारदा विद्यालय खोनी, ता. भिवंडी.

# बारावे जलशुद्धीकरण केंद्र की पानी की पाइप लाइन फूटी

**कल्याण.** कल्याण पूर्व, पश्चिम शहर को जलापूर्ति करने वाली बारावे जल शुद्धिकरण केंद्र की पानी की पाइपलाइन मंगलवार की रात शहाड में फूट गयी. पाइपलाइन फटने से सैकड़ों लीटर पानी बह गया। पाइपलाइन के पास का क्षेत्र बाढ़ग्रस्त हो गया। कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका के जल आपूर्ति विभाग के अधिकारी तुरंत मौके पर गए और मरम्मत कार्य शुरू किया.



आधी रात में पानी का पाइप फटने से अंधेरे में मरम्मत का काम मुश्किल हो गया। साथ ही, चूँकि पाइपलाइन में पानी के बहाव की गति सबसे अधिक होती है, इसलिए इस पानी को तुरंत रोकना असंभव है। जब तक पाइपलाइन का पानी कम नहीं हुआ, तब तक मनपा के जलापूर्ति अधिकारी, ठेकेदार मरम्मत का काम नहीं कर सके. सुबह छह बजे के बीच पानी का तेज बहाव कम होने के बाद तत्काल मरम्मत कार्य कराया गया.

अधिकारियों ने संभावना जताई कि पानी का पाइप फटने से कल्याण पूर्व और पश्चिम इलाके में जलापूर्ति प्रभावित होगी. शहाड में उल्हास नदी से पानी लिया जाता है और बारावे में जल शुद्धीकरण संयंत्र में लाया जाता है। अधिकारी ने कहा, ऐसी घटनाएं पाइपलाइन में उच्च दबाव या वाल्व में तकनीकी खराबी के कारण होती हैं। सुबह छह बजे पाइपलाइन का प्रेशर कम होने के बाद मनपा अधिकारी, ठेकेदार मरम्मत के काम में लग गये. मंगलवार सुबह 10 बजे तक मरम्मत का काम पूरा हो गया। कल्याण शहर को पानी की कमी न हो इसके लिए तुरंत पाइपलाइन से पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई.

## कचरा, घंटा गाड़ी, नाला सफाई की समस्या को लेकर

# 14 जून को अंबरनाथ नपा पर निषेध मोर्चा



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में जगह-जगह एकत्रित कचरा, नाला सफाई ठीक ढंग से नहीं हो रही है और कचरा घंटा गाड़ी शहर पश्चिम और पूर्व में अनियमित होने से परेशान लोगों की शिकायत के बाद शिवसेना के नेता विकास सोमेश्वर युवा सेना पूर्व के अधिकारी निशान पाटिल एवं युवा सेना (प.) अधिकारी राहुल सोमेश्वर ने अंबरनाथ के मुख्याधिकारी परालकर से भेंट करके लिखित में शिकायत की है और कहा है कि अगर तीन दिनों के भीतर सुधार नहीं हुआ तो 14 जून को अंबरनाथ नगर परिषद पर निषेध मोर्चा निकाला जाएगा. निशान पाटिल ने लिखा है कि पालेगांव परिसर में जहां कई इमारतें तैयार हो गई हैं, लेकिन यहां पर साफ सफाई के साथ कचरा घंटा गाड़ी नहीं आने से लोग परेशान हैं. वह सन 2023 से नपा प्रशासन को निवेदन दे रहे हैं, लेकिन प्रशासन है कि सोया हुआ है. निवासियों का स्वास्थ्य खतरे में आ गया है. मूलभूत सुविधाएं प्रशासन नहीं दे रहा है. युवा सेना के राहुल सोमेश्वर ने नपा को पत्र देकर कहा है कि शहर में जमा कचरा नहीं उठाने से शहर का वातावरण दूषित हो गया है. अगर जीवित हानि हुई तो उसका जिम्मेदार नपा प्रशासन होगा. घंटा गाड़ी ठेकेदार भी इसका जिम्मेदार होगा. नियमित घंटा गाड़ी शुरू रखने की मांग उन्होंने मुख्याधिकारी से की है. विकास सोमेश्वर ने नपा प्रशासन की लापरवाही को उजागर करते हुए कहा है कि नाला सफाई, जमा कचरा, घंटा गाड़ी, ठेकेदार पर मुख्याधिकारी का कोई अंकुश नहीं रह गया है. शहरवासियों का स्वास्थ्य खतरे में है. अगर 3 दिनों में सुधार नहीं किया गया तो नपा कार्यालय पर निषेध मोर्चा निकाला जाएगा.

# काटई-कर्जत राज्य राजमार्ग का कंक्रीटिंग बना मुसीबत

- ठेकेदार की लापरवाही को अधिकारी कर रहे नजरंदाज
- अनियोजित सड़क योजना बनी वाहन चालकों की जी का जंजाल

**अंबरनाथ.** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) पिछले कुछ महीनों से अंबरनाथ को बदलापुर से जोड़ने वाले कटाई-कर्जत राज्य राजमार्ग का कंक्रीटिंग कर रहा है। लेकिन इस कार्य के दौरान संबंधित ठेकेदार द्वारा अनियोजित तरीके से सड़क की खुदाई की गयी है. साथ ही, खोदी गई सड़क पर कोई सुरक्षा उपाय की योजना नहीं बनाई गई है। इसलिए अंबरनाथ से बदलापुर के बीच भारी ट्रैफिक जाम और दुर्घटना की घटनाएं सामने आ रही हैं. उधर, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ठेकेदार की लापरवाही को नजरंदाज कर रहे हैं.

पिछले कुछ वर्षों में कर्जत-कटाई राज्य राजमार्ग पर यातायात काफी बढ़ गया है। एमआईडीसी से भारी वाहनों के लिए सुरक्षित इस सड़क पर अब ठाणे, नवी मुंबई तक पहुंचने वाले निजी वाहनों की संख्या बढ़ गई है. हालांकि, हर साल बरसात के मौसम में सड़क पत्थरों के कारण काफी खराब हो जाती है, जिससे नागरिकों को चार म ही ने तक गड्ढों से होकर सफर करना पड़ता है. इसलिए, वाहन चालकों की असुविधा को ध्यान में रखते हुए, सार्वजनिक निर्माण विभाग और एमआईडीसी द्वारा कटाई से बदलापुर तक की सड़क को पिछले साल से चरणबद्ध तरीके से कंक्रीट किया जा रहा है। लेकिन, ठेकेदार शुरू से ही इस सड़क के काम में लापरवाही बरत रहे हैं. सड़क कार्य के दौरान खतरनाक तरीके से सड़क से बाहर निकले लोहे के सरिये, खोदी गई सड़क के किनारे सुरक्षा उपाय न करते सड़क को उसी स्थिति में रखना जैसे अनियोजित कार्य शामिल हैं. उसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा चल रहे सड़क विकास के दौरान अंबरनाथ से बदलापुर तक की दूरी में अनियोजित तरीके से चरण दर चरण सड़क की खुदाई की गई है।



फाइल फोटो

साथ ही, खोदी गई सड़कों पर कोई सुरक्षा उपाय की योजना नहीं बनाई गई है। इसके चलते इस रोड पर जाम लग जाता है. साथ ही इस मार्ग पर कई स्ट्रीट लाइटें रात के समय बंद होने से बाइक सवारों को खोदी गई सड़कों और बाहर निकली लोहे की सरिया का अंदाजा नहीं लग पाने से दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं।

### ठाणे जिले में बिजली गिरने से लगी आग में घर जला, मवेशी मरे

**ठाणे.** ठाणे जिले में बिजली गिरने से लगी आग में एक घर जलकर खाक हो गया और चार भैंसें मर गई। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आपदा नियंत्रण अधिकारी वसंत चौधरी ने बताया कि रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि को शाहपुर के खैरे गांव में एक घर पर आकाशीय बिजली गिर गई। उन्होंने बताया कि आग ने पूरे ढांचे को अपनी चपेट में ले लिया और घर जलकर राख हो गया। अधिकारी ने बताया कि घटना में चार भैंसे मर गईं और पांच मवेशी घायल हो गए। राजस्व विभाग ने 6.68 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो। फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता। – महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### संघ की शक्ति

यूरोपीय संघ के चुनाव में इस बार बड़ी उलट-फेर देखने को मिली है। दक्षिणपंथी रुझान वाले दलों को शानदार कामयाबी मिली है। इसे देखते हुए जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों के सत्ताधारी दलों की घबराहट बढ़ गई है। हार की आशंका से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने तो राष्ट्रीय संसद भंग कर मध्यावधि चुनाव की घोषणा कर दी है। सत्ताईस सदस्य देशों वाले यूरोपीय संघ में जर्मनी सबसे बड़ा देश है। वहां की 'अल्टरनेटिव फार जर्मनी' पार्टी मजबूत होकर उभरी है। हालांकि उसके कई शीर्ष उम्मीदवारों के नाम घोटालों में शामिल थे, मगर उसके बावजूद पार्टी का मत प्रतिशत बढ़ा। पार्टी ने 2019 में ग्यारह फीसद मत हासिल किए थे, जो इस बार बढ़ कर साढ़े सोलह फीसद हो गए। वहीं जर्मनी के सत्तारूढ़ गठबंधन में तीन दलों का संयुक्त मत मुश्किल से तीस फीसद से ऊपर रहा। इस तरह 'अल्टरनेटिव फार जर्मनी' ने देश के चांसलर ओलाफ शोल्ज की 'सोशल डेमोक्रेट्स' पार्टी को मात देने के लिए पर्याप्त सीटें जुटा ली हैं। जर्मनी में दक्षिणपंथ के इस उभार को कुछ लोग हिटलर के नाजी उभार के रूप में देख रहे हैं। यूरोपीय संघ यूरोप के सत्ताईस देशों का संगठन है, जिसकी संसद के लिए करीब चालीस करोड़ लोग मतदान करते हैं। यही संसद यूरोपीय देशों की आर्थिक विकास, वाणिज्य-व्यापार, राजनयिक, आप्रवासन आदि से जुड़ी नीतियां तय करती है। इसलिए दुनिया के तमाम देशों की नजर इसके चुनाव पर रहती है। यूरोपीय संघ में दक्षिणपंथी रुझान वाले दलों का दबदबा बढ़ने से वाणिज्य-व्यापार, आप्रवासन आदि को लेकर कुछ देशों की चिंताएं बढ़ गई हैं। दक्षिणपंथी रुझान वाली सरकारों में देखा गया है कि वे राष्ट्रवादी नीतियों पर अधिक जोर देती हैं। यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेन की पार्टी 'क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स' ने चुनावों से पहले ही दक्षिणपंथी रुझान के उभार को भांप लिया था और प्रवासन और जलवायु के मुद्दे पर और अधिक दक्षिणपंथी रुख अपना लिया था, जिसके कारण यूरोपीय संसद में उनकी पार्टी अब तक की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। भारत के लिए भी इसे इसलिए चिंता का विषय माना जा सकता है कि उन देशों में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक रोजगार आदि के लिए जाते हैं।

# चीन को उसी की भाषा में जवाब देगा भारत

भारत ने अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नाम बदलने के चीनी कदम का जवाब देने के लिए 'जैसे को तैसा' अभियान चलाया है, यानी भारत भी तिब्बत के 30 स्थानों के नाम बदलेगा। चीन द्वारा भारतीय क्षेत्रों के नाम बदलने को लेकर नई दिल्ली को संदेह है कि बीजिंग ने पूर्वोत्तर भारत के सबसे बड़े राज्य अरुणाचल प्रदेश पर अपनी मजबूत दावेदारी दिखाने के लिए ऐसा किया है। भारतीय सेना का सूचना युद्ध प्रभाग इस अभियान का नेतृत्व कर रहा है, जिसे कोलकाता स्थित ब्रिटिशकालीन एशियाटिक सोसाइटी जैसे प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों का समर्थन प्राप्त है। सेना ने अपने लोगो के साथ प्रसारित विस्तृत ट्वीट में अरुणाचल प्रदेश के सात स्थानों के नाम बदलने को चुनौती दी है और चीन द्वारा जिन 30 स्थानों के नाम बदले गए, उनके विरोध का प्रयास कर रही है। अब उन्होंने तिब्बत के 30 स्थानों की एक सूची को भी अंतिम रूप दे दिया है, तथा ऐतिहासिक अभिलेखों से भारतीय भाषाओं में उनके प्राचीन नामों को पुनः प्राप्त किया है। इन पंक्तियों के लेखक के पास यह सूची उपलब्ध है, जो मीडिया के जरिये सार्वजनिक की जाएगी। यह भारत के अरुणाचल प्रदेश राज्य और विवादित सीमा के अन्य हिस्सों पर चीनी दावों के खिलाफ एक मजबूत जवाबी आख्यान प्रस्तुत करने के वैश्विक अभियान का हिस्सा है।

अब चूंकि केंद्र में नई सरकार का गठन हो गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इसलिए चीन के स्वायत्त क्षेत्र तिब्बत के स्थानों का नाम बदलने का



इस्तेमाल अरुणाचल प्रदेश पर चीनी दावे को खत्म करने के लिए बदले के तौर पर किया जाएगा। सैन्य अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि नए नाम व्यापक ऐतिहासिक शोध के आधार पर रखे जाएंगे।

पूर्व खुफिया ब्यूरो के अधिकारी बेनु घोष, जिन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वर्षों काम किया है और जिन्हें पर्वतारोहण में भी दिलचस्पी है, कहते हैं, 'जब भी ऐसा होगा, यह भारत द्वारा तिब्बत के प्रश्न को फिर से उठाने की तरह होगा। जब से बीजिंग ने तिब्बत पर जबरन कब्जा किया है, तब से भारत ने इसे चीनी हिस्सा माना है, लेकिन अब मोदी सरकार चीनी मानचित्रण और नामकरण संबंधी आक्रामकता को कम करने के लिए अपना रुख बदलने को तैयार है।'

भारतीय सेना ने हाल के हफ्तों में इन विवादित सीमावर्ती क्षेत्रों में मीडिया के कई दौरे आयोजित करवाए हैं तथा मीडिया को उन स्थानीय लोगों से बात करने का मौका दिया है, जो चीनी दावों का कड़ा विरोध करते हुए कहते हैं कि वे हमेशा से भारत का हिस्सा थे। नाम का खुलासा नहीं करने की शर्त पर इस अभियान से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि भारत का 'अंतिम लक्ष्य क्षेत्रीय और वैश्विक मीडिया के माध्यम से विवादित सीमा पर भारत के जवाबी आख्यान को आगे बढ़ाना है, जो ठोस ऐतिहासिक शोध और स्थानीय निवासियों के जनमत पर आधारित है। गौरतलब है कि इसी वर्ष कुछ समय पूर्व अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने के लिए चीन ने इस राज्य में एलएसी के पास के 30 स्थानों का नाम बदल दिया। हांगकांग स्थित एक दैनिक के अनुसार, प्रशासनिक प्रभागों की स्थापना और नामकरण के लिए जिम्मेदार चीनी असैन्य मामलों के मंत्रालय ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में 'मानकीकृत' भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की है, जिसे बीजिंग जंगनान कहता है। यह चौथी बार है, जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का एकतरफा नामकरण किया है। इससे पहले उसने ऐसा वर्ष 2017, 2021 और 2023 में किया था। चीन द्वारा नाम बदले गए स्थानों की सूची में 11 आवासीय क्षेत्र, 12 पर्वतीय, चार नदियां, एक झील, एक पहाड़ी दर्रा और एक भूखंड है। इन नामों में चीनी, तिब्बती और पिनयिन अक्षर हैं, जो मंदारिन चीनी का रोमन वर्णमाला संस्करण है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने मंत्रालय के बयान को उद्धृत किया है, जो कहता है कि 'भौगोलिक नामों के प्रबंधन पर राज्य परिषद (चीनी मंत्रिमंडल) के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार, हमने संबंधित विभागों के साथ मिलकर चीन के जांगनान में कुछ भौगोलिक नामों को मानकीकृत किया है।' बीजिंग ने वर्ष 2017 में अरुणाचल प्रदेश के छह स्थानों के कथित मानकीकृत नामों की पहली सूची जारी की थी, फिर वर्ष 2021 में 15 स्थानों की दूसरी सूची जारी की और उसके बाद वर्ष 2023 में 11 स्थानों के नामों की एक और सूची जारी की।




प्रत्येक साँस अनमोल है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# कश्मीर में आतंकी दहशत की बुनियाद

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों पर अंकुश लगाना चुनौती बना हुआ है। हालांकि केंद्र सरकार का दावा है कि अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद दहशतगर्दी में भारी कमी आई है और आतंकी संगठन कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। मगर लगातार कुछ-कुछ अंतराल पर जिस तरह आतंकी घात लगा कर हमले कर रहे हैं, उससे इस दावे पर यकीन करना मुश्किल लगता है। आतंकवादी लगातार अपनी रणनीति बदलते देखे जा रहे हैं। वे कभी सशस्त्र बलों को निशाना बनाते हैं, तो कभी बाहरियों, कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बनाया जाता है। अब वहां जा रहे सैलानियों पर हमले हो रहे हैं।

पिछले महीने पहलगाम में सैलानियों पर हमला किया गया था। अब कटरा जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस को निशाना बनाया गया, जिसके चलते बस खाई में गिर गई। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई और इकतालीस से अधिक लोग घायल हैं। पर्यटन कश्मीरी लोगों की आजीविका का बड़ा आधार है। इस तरह के हमलों से पर्यटन पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे हमले नब्बे के दशक में बढ़ गए थे, मगर लंबे समय से सैलानियों को निशाना नहीं बनाया जा रहा था। अब ऐसा दिख रहा है तो इसकी वजहें भी साफ हैं।

पर्यटकों पर हमले के पीछे आतंकवादी संगठनों का मकसद घाटी में बाहर के लोगों की आवाजाही रोकना होता है। बाहरी मजदूरों और कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बना कर हमले करने के पीछे भी उनका मकसद यही है। मगर अब जिस तरह बड़ी संख्या में सैलानियों और श्रद्धालुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उससे जाहिर है कि आतंकी लोगों में भय पैदा करना चाहते हैं। मगर इसे लेकर स्थानीय लोगों में किसी तरह



की प्रतिक्रिया नहीं दिख रही है, तो हैरानी की बात है, क्योंकि इससे उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा। पिछले दस वर्षों में बेशक पत्थरबाजी और आंदोलन वगैरह की घटनाएं कम हुई हैं, आतंकी हमलों में मरने वालों की संख्या भी घटी है, मगर हकीकत यही है कि दहशतगर्दी किसी भी रूप में कम नहीं हुई है। दस वर्ष पहले और बाद के आंकड़ों की तुलना से साफ पता चलता है कि आतंकी हमले बढ़े हैं। इस दौरान बेशक बड़ी तादाद में आतंकवादी मारे गए हैं, मगर दहशतगर्दों की भर्ती में भी तेजी आई है। उन्हें स्थानीय लोगों का समर्थन बढ़ा है। इसलिए यह स्वाभाविक ही पूछा जा रहा है कि जब सीमा पर चौकसी बढ़ी है, तलाशी अभियान तेज हुए हैं, दहशतगर्दों की वित्तीय मदद पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, तो उन्हें भर्तियां करने और साजो-सामान जुटाने में कामयाबी कैसे मिल जा रही है।

पिछले दस वर्षों में जिस तरह सुरक्षाकर्मियों, सैलानियों, श्रद्धालुओं और बाहर से मजदूरी वगैरह करने गए लोगों को निशाना बना कर हत्याएं की गई हैं, उससे यह सवाल निरंतर गाढ़ा होता गया है कि आखिर यह सिलसिला कब रुकेगा। राष्ट्रीय जांच एजंसी की रपट के मुताबिक ऐसे हमलों में पाकिस्तान के प्रशिक्षत दहशतगर्दों का हाथ होता है, स्थानीय लोग उन्हें सूचनाएं उपलब्ध कराते हैं। अगर सीमा पर चौकसी सख्त की गई है, तो फिर सीमा पार से आतंकियों की घाटी में पैठ कैसे हो पा रही है। अगर खुफिया तंत्र पहले से चौकन्ना हुआ है, तो आतंकी कैसे सेना के काफिले पर हमला कर देते हैं और पहले ही उसकी भनक नहीं लग पाती। घाटी में आतंकवाद से निपटने के लिए नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत है।

# 100 साल के पूर्व सैनिक ने रचाई शादी

**जरा हट के**

कहते हैं- 'इश्क की उम्र नहीं होती, न ही दौर होता है, इश्क तो इश्क है, जब होता है बेहिसाब होता है!' प्यार की यही खासियत है. इंसान प्रेम में न ही एक दूसरे की जाति, धर्म, समुदाय, रंग देखता है और न ही उसकी उम्र. हाल ही में दूसरे विश्व युद्ध के एक हीरो ने इस बात को साबित कर दिया. 100 साल के इस पूर्व सैनिक ने अपनी प्रेमिका से शादी रचा ली है, जो उम्र में उनसे सिर्फ 4 साल छोटी हैं. उनकी शादी जितनी खास थी, उससे भी ज्यादा खास वो जगह थी, जहां पर उन्होंने शादी की.

न्यूज एजेंसी AP के अनुसार हैरल्ड टेरेन्स जब 20 साल के थे, तब पहली बार वो फ्रांस के नॉर्मेंडी गए थे. वो यूएस आर्मी में एयरफोर्स कोर्पोरल थे और दूसरे विश्व युद्ध में एलाइड फोर्सेज का हिस्सा थे जिसने 6 जून 1944 को नॉर्मेंडी इन्वेजन को अंजाम दिया था, जिसके तहत अलाइड फोर्स ने फ्रांस को



नाजियों के कब्जे से छुड़ाया था. इसे 1944 या दूसरे विश्व युद्ध का डी-डे भी बोलते हैं.

अब 80 साल के बाद हैरल्ड फिर से नॉर्मेंडी पहुंचे. इस बार भी वो अकेले नहीं थे, बल्कि अपनी प्रेमिका के साथ थे. उन्होंने यहां पर अपनी 96 साल की प्रेमिका जीन स्वर्लिन से शादी की और प्यार की इबारत लिख दी. शादी से पहले हैरल्ड ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वो इस बात से बेहद खुश हैं कि वो उस औरत से शादी करने जा रहे हैं जो दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला है और एक बेहतरीन डांसर है. दोनों ही न्यूयॉर्क सिटी में बड़े हुए, मगर 2021 में दोनों की मुलाकात, जीन स्वर्लिन के पहले पति की बेटी ने करवाई थी. पहली बार दोनों साथ में डिनर पर गए और उन्हें एक दूसरे से प्यार हो गया.

बीते शनिवार को दोनों कैरेंटेन नाम के शोटे से शहर में शादी के बंधन में बंध गए. शादी के बाद दोनों के एलिसी पैलेस, यानी फ्रांस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास पर स्टेट डिनर के लिए राष्ट्रपति ने आमंत्रित किया, जहां अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन भी शामिल हुए. फ्रांस के डी-डे इन्वेजन को कुछ ही दिनों पहले 80 साल पूरे हुए थे. इसे मौके पर हैरल्ड समेत कई अन्य पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया गया था.

# पनीर पैनकेक




दिन की शुरुआत अगर हेल्दी और टेस्टी नाश्ते के साथ की जाए, तो इससे पूरा दिन बेहतर होता है। ऐसे में लोग अक्सर नाश्ते के लिए ऐसा ही हेल्दी और टेस्टी विकल्प खोजते रहते हैं। अगर आप भी मॉर्निंग ब्रेकफास्ट का परफेक्ट ऑप्शन खोज रहे हैं, तो इस बार पनीर पैनकेक जरूर बनाएं।

**सामग्री :**

- 250 ग्राम कद्दूकस किया पनीर
- 2 साबुत अंडे या फ्लैक्स मील एग रिप्लेसर
- 3 बड़े चम्मच चीनी
- 1/2 छोटा चम्मच बेकिंग पाउडर
- 1/2 कप साबुत गेहूं का आटा
- एक चुटकी नमक
- 3 बड़े चम्मच दूध
- 2 बड़े चम्मच मक्खन

**विधि :**

सबसे पहले अंडों को एक साफ और सूखे कटोरे में अच्छे से फेंटें। फिर इसमें चीनी डालकर मिक्स होने तक फेंटें। फेंटे हुए अंडे के मिश्रण में पनीर, बेकिंग पाउडर, मैदा और नमक मिलाएं।

इसके बाद इसमें दूध डालें और अच्छी तरह मिलाने के लिए फेंटें। आपके पास एक गाढ़ा पैनकेक बैटर होना चाहिए। अब एक कड़ाही को धीमी आंच पर गर्म करें। इसमें थोड़ा मक्खन पिघलाएं और पैन पर एक बड़े करछुल से पनीर पैनकेक बैटर डालें।

जब आपको ऊपर बुलबुले दिखाई दें, तो इसे पलटें और पनीर पैनकेक को दूसरी तरफ से पकाएं।

एक बार पक जाने के बाद, बचे हुए बैटर के साथ भी इसी तरह और पैनकेक तैयार करें।





# डायबिटीज में अनार खाना चाहिए या नहीं?

## क्या इससे ब्लड शुगर बढ़ने का रहता है खतरा

डायबिटीज में अनार खाना चाहिए या नहीं, ये सवाल कई लोगों के मन में रहता है। अनार स्वाद में मीठा फल है ऐसे में क्या ये शुगर लेवल को बढ़ा सकता है? क्या मधुमेह के शिकार लोगों को अनार नहीं खाना चाहिए, आइए इस बारे में समझते हैं।

## अनार खाने से होने वाले फायदे

अनार प्राकृतिक रूप से पोषक तत्वों से भरपूर फल माना जाता है जो समग्र स्वास्थ्य, मेटाबॉलिज्म, प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद करता है। त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ एनीमिया के शिकार लोगों के लिए भी अनार खाना फायदेमंद हो सकता है। कुछ अध्ययनों में बताया गया है कि इंसुलिन प्रतिरोध से पीड़ित लोगों के लिए भी ये अच्छा है, यानी डायबिटीज रोगियों को इसके सेवन से लाभ मिल सकता है। दैनिक आहार में इसे शामिल करके एंटीऑक्सीडेंट की प्राप्ति की जा सकती है, जो कई क्रोनिक बीमारियों से बचाने में फायदेमंद माना जाता है।

**तो क्या डायबिटीज में इसका सेवन किया जा सकता है?**

## शुगर लेवल को कम कर सकता है अनार

डायबिटीज में अनार खाना चाहिए या नहीं इसको लेकर किए गए मेटा-विश्लेषण के निष्कर्षों से पता चलता है कि वयस्कों में ग्लाइसेमिक सूचकांकों में सुधार के लिए अनार के सेवन से लाभ मिल सकता है। डायबिटीज एंड मेटाबोलिक सिंड्रोमः क्लिनिकल रिसर्च एंड रिव्यूज में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि अनार के सेवन से फास्टिंग शुगर लेवल, फास्टिंग इंसुलिन और HbA1c में



उल्लेखनीय कमी आई।

वैज्ञानिकों ने कहा, अनार में मौजूद फाइबर और अन्य पोषक तत्वों की मात्रा भी शुगर के शिकार लोगों के लिए फायदेमंद हो सकती है।

## अध्ययन में क्या पता चला?

अनार में मौजूद यौगिक जैसे कि प्यूनिकैलेगिन और एलाजिक एंटी-डायबिटिक क्रियाओं के रूप में जाने जाते हैं। इसके अलावा, पॉलीफेनोल एंटीऑक्सीडेंट को टाइप-2 डायबिटीज की स्थितियों को नियंत्रित करने के लिए फायदेमंद पाया गया हैं। ये निष्कर्ष बताते हैं कि अनार एंटी-डायबिटिक गुणों वाला हो सकता है।

अनार या इसके अर्क को टाइप 2 मधुमेह के प्रबंधन के लिए चिकित्सकीय रूप से प्रयोग में लाया जा सकता है। हालांकि ये सभी समूह वाले लोगों पर कितना असरदार है, क्या सभी प्रकार के डायबिटिक लोगों के लिए अनार खाना फायदेमंद हो सकता है? इस बारे में और विस्तृत शोध की आवश्यकता है।

## विशेषज्ञ की सलाह जरूरी

आहार विशेषज्ञ रीमा सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया, डायबिटीज में एक आहार सभी लोगों के लिए फिट हो ऐसा जरूरी नहीं है। इसलिए किसी भी चीज के सेवन से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें। कुछ डायबिटिक रोगियों में अनार खाने से शुगर लेवल बढ़ने का जोखिम हो सकता है, इसलिए इसके सेवन से पहले अपने डॉक्टर से बात जरूर कर लें।

## आज का राशिफल

**मेष :** सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृषभ :** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े।

**कर्क :** प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह :** भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। नौकरी में मनोनुकूल स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कन्या :** शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**तुला :** शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे।

**वृश्चिक :** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी।

**धनु :** किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा।

**मकर :** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कुंभ :** मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है या समय पर नहीं मिलेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीन :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार-व्यवसाय की गति बढ़ेगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# कटे-फटे लिप्स को तुरंत ठीक कर देंगे ये घरेलू नुस्खे



होंठ फटना, ड्राई होना या होंठों से खून आने जैसी समस्या पानी की कमी के कारण होती है। जैसे ही शरीर में पानी की कमी होती है वैसे होंठ फटना शुरू हो जाते हैं। ऐसे में खाना खाना भी काफी मुश्किल लगता है। ऐसे में कुछ नुस्खे आपको इस समस्या से निपटने में मदद कर सकते हैं। इन नुस्खों की खास बात यह है कि ये रातों रात आपके फटे होंठों को नरिश करके और अंदर से नमी को लॉक कर सकते हैं। आइए, जानते हैं फटे होंठों के लिए कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में।

## मलाई से मिलेगा फायदा

फटे होंठों को ठीक करने के लिए आप मलाई का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके फ्रेश दूध के मलाई लें और इसे अपने होंठों पर लगाना शुरू कर दें। मलाई आपके होंठों को अंदर से मॉइस्चराइज करता है और कटे-फटे होंठों की हीलिंग में मददगार है। अगर आप लो फैट मिल्क की मलाई लगा रहे हैं तो इसमें बादाम के तेल को मिला सकते हैं।

## होठों को हील करेगा हल्दी वाला घी

कटे-फटे होथों को ठीक करने के लिए घी और कच्ची हल्दी काफी है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले कच्ची हल्दी के टुकड़े को घी में भीगने के लिए रख दें। इसे कम से कम एक दिन के लिए छोड़ दें। फिर हल्दी के टुकड़े को घी में से निकाल लें और इस घी को छोटी डिब्बी में रख कर स्टोर कर लें। इस घी को रोजाना होंठों पर लगाएं। इस घी को बनाकर आप लगभग 15 दिनों तक स्टोर कर सकते हैं।

## एलोवेरा जेल है बेस्ट नुस्खा

इस नुस्खे को अपनाने के लिए सबसे पहले एक लें और उसमें एलोवेला जेल, बादाम का तेल और विटामिन ई कैप्सूल को डाल लें। फिर तीनों चीजों को अच्छे से मिक्स कर दें। इसे एक छोटी कांच की बोतल या फिर डिब्बे में मिक्स करके रख दें। इस मिक्स को अपने होठों पर लगाएं। नियमित तौर पर जब आप इसे लगाएंगे तो आपको यकीनन फायदा मिलेगा।

# जमीन पर बैठकर खाना खाने से शरीर को मिलेंगे गजब के फायदे

अब लोग टीवी या फोन देखकर डाइनिंग टेबल पर या सोफ पर खाना पसंद करते हैं। हालांकि, जमीन पर बैठकर खाना बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। जानिए, फर्श पर बैठकर खाना खाने के गजब के फायदे-

## वजन कम करने में मदद

उठने-बैठने से शरीर की गति बढ़ती है, वहीं यह आपको जल्दी पेट भरा हुआ महसूस करने में भी मदद करता है। जब आप जमीन पर अपने पैरों को क्रॉस करके खाना खाने के लिए बैठें तो अपनी पीठ को सीधा रखें। मोटापा कम करने वाले लोगों को रोजाना इस पैटर्न को फॉलो करना चाहिए। यह स्थिति आपके दिमाग को आराम देने के लिए भी अच्छी है और जब आप जमीन पर बैठकर खाते हैं तो आप ओवर ईटिंग नहीं करते। यह थकान और शरीर की कमजोरी को कम करने में भी मदद करता है।

## अपच में मदद करता है

जमीन पर पैरों को क्रॉस करके बैठना हमारी पाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। जब आप अपनी प्लेट को जमीन पर रखते हैं और खाने के लिए अपने शरीर को थोड़ा आगे की ओर झुकाकर वापिस अपनी सीधे बैठते हैं तो पेट की मांसपेशियां एक्टिव हो जाती हैं। ऐसा होने से पेट में एसिड का स्त्राव बढ़ जाता है और खाना तेजी से पच जाता है।



## ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है

जब आप पैरों को क्रॉस करके बैठते हैं तो शरीर में ब्लड फ्लो बढ़ता है क्योंकि यह नसों को शांत करता है और उनमें तनाव को कम करता है। यह दिल को हेल्दी रखता है, क्योंकि जब हम जमीन पर बैठे होते हैं तो हमारे शरीर और दिल पर दबाव कम होता है। सुखासन में बैठने पर ब्लड पूरे शरीर में समान रूप से फ्लो होता है।

## मन और शरीर को मिलता है आराम

पद्मासन और सुखासन ध्यान लगाने के लिए सबसे अच्छे आसन हैं। ये दिमाग से तनाव दूर करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। ब्रीदिंग एक्सरसाइज करने के लिए भी ये एक बेहतरीन स्थिति है, जिससे शरीर में ऑक्सीजन का फ्लो बढ़ जाता है। यह रीढ़ की हड्डी को सीधा करता है और कंधे की मांसपेशियों को आराम देता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मुजफ्फरनगर के कार शोरूम में लगी भीषण आग

**मुजफ्फरनगर.** मुजफ्फरनगर में मारुति के एक शोरूम में शॉर्ट सर्किट से भयंकर आग लग गई। आग के कारण शोरूम में लगे एसी एक के बाद एक धमाके के साथ फटते रहे। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़िया मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गईं। हालांकि जब तक दमकल विभाग आग पर काबू पाती तब तक शोरूम जलकर खा हो चुका था। दूर से दिखाई दे रहा धुंए के गुब्बार ने नेशनल हाइवे पर गाड़ियों की रफ्तार धीमी कर दी। उधर, आग की सूचना मिलने पर सीओ सिटी और थाना प्रभारी की टीम भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया।

### करहल सीट से इस्तीफा देंगे अखिलेश यादव

**मैनपुरी.** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव मैनपुरी जिले की करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा देंगे। सैफई में मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करने के बाद अखिलेश ने पत्रकारों को मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संवैधानिक तौर पर दो स्थानों से नर्वािचित होने के बाद किसी भी प्रतिनिधि के लिए एक स्थान छोड़ना पड़ता है। इसी कड़ी में करहल विधानसभा से जुड़े हुए महत्वपूर्ण पदाधिकारी से चर्चा के बाद करहल विधानसभा सीट को छोड़ना तय किया गया है। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ में विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष अपना इस्तीफा जल्द ही पेश कर दिया जायेगा।

### मुझसे प्यार करते हो तो मर के दिखाओ...प्रेमिका के लिए शादीशुदा प्रेमी ने दे दी जान

**बांदा.** बांदा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक शादीशुदा युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते मौत को गले लगा लिया। दरअसल महिला ने उससे कहा था कि प्यार करते हो तो मरकर दिखाओ। इस पर उसने कमरे में फांसी लगा ली। साथ ही मौके पर छह पन्ने का एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें उसने महिला को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई करने की बात लिखी थी। ये घटना बिसंडा के बेलगांव का है। 22 साल का पारस गुप्ता उर्फ माता प्रसाद ने रविवार शाम कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटक गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। तलाशी के दौरान उसके पास से छह पेज का सुसाइड नोट बरामद हुआ। मृतक के छोटे भाई विष्णु गुप्ता ने बताया कि पारस का तीन महीने से एक रिश्तेदार महिला से प्रेम-प्रंसग चल रहा था।

### युवती को भगाने के आरोपी ने थाने में की आत्महत्या करने की कोशिश

**कुशीनगर.** कुशीनगर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां नेबुआ नौरंगिया थाना परिसर में ही एक लड़की को भगाने के आरोपी ने जहर खा लिया है। हालत बिगड़ने पर उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया। स्थिति गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। फिलहाल युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। आज इसी मामले में पुलिस ने लड़की का मेडिकल कराने के लिए भेजा हुआ था।

ये घटना नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के भुजौली शुक्ल गांव का है। रमेश का बेटे ब्रजेश पर मुकामी पुलिस ने लड़की भगाने सहित अन्य धाराओं में लड़की की मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था और उन्हें बरामद भी कर लिया था। लड़का और लड़की पक्ष दोनों गांव के पड़ोसी ही बताए जा रहे हैं।मंगलवार सुबह मामले का आरोपी नेबुआ नौरंगिया थाना परिसर में पहुंचा और जहर खाकर जान देने की कोशिश की। उसकी हालत बिगड़ता देख थाने में अफरा तफरी मच गई और उसे कोटवा के सीएचसी इलाज के लिए भिजवाया।जहां उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज जारी है।

# लोकसभा स्पीकर के लिए पुरंदेश्वरी के नाम की चर्चा

- आंध्र भाजपा अध्यक्ष और चंद्रबाबू की पत्नी की बहन
- I.N.D.I.A ब्लॉक बोला- TDP कैंडिडेट का समर्थन करेंगे

**नई दिल्ली.** लोकसभा के अंक गणित और सत्ता-विपक्ष के बीच जारी खींचतान को देखते हुए स्पीकर का पद इस बार अहम हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली NDA सरकार के दो बड़े घटक दल TDP और जदयू भी इस होड़ में शामिल दिख रहे हैं।

TDP नेता एन चंद्रबाबू नायडू और जदयू नेता नीतीश कुमार को लगता है कि अगर उनकी पार्टी में तोड़फोड़ की कोशिश होगी तो स्पीकर पद उस समय जीवन बीमा होगा। I.N.D.I.A ब्लॉक ने भी कहा है कि स्पीकर पद TDP के पास जाता है, तो वे समर्थन देने को तैयार हैं।

हालांकि मोदी के दूसरे कार्यकाल में स्पीकर रहे कोटा सांसद ओम बिड़ला फिर दावेदारी में आगे हैं। उनके कैबिनेट मंत्री न बनने से अटकलें और जोर पकड़ चुकी हैं। इसी बीच भाजपा की आंध्र प्रदेश अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी का नाम भी उछला है।



पुरंदेश्वरी चंद्रबाबू नायडू की पत्नी नारा भुवनेश्वरी की बहन हैं। उन्होंने नायडू का उस वक्त समर्थन किया था, जब उनकी अपने ससुर एनटी रामाराव का तख्ता पलट करने पर आलोचना हो रही थी। ऐसे में उन्हें स्पीकर बनाया जाता है, तो नायडू पर सॉफ्ट प्रेशर रहेगा। उनकी पार्टी पुरंदेश्वरी का विरोध नहीं कर पाएगी।

### कम्मा समुदाय का वोट बैंक भी वजह

पुरंदेश्वरी कम्मा समुदाय से हैं। चंद्रबाबू नायडू भी इसी समुदाय के हैं। आंध्र प्रदेश की राजनीति में यह प्रभावशाली समुदाय है। कम्मा समुदाय को TDP का ट्रेडिशनल वोटर माना जाता है। साफ है कि डी पुरंदेश्वरी के बहाने भाजपा नायडू की पार्टी के परंपरागत वोट बैंक में सेंध लगाना चाहती है।

### बिड़ला स्पीकर बने तो रिकॉर्ड की बराबरी करेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में पिछले कार्यकाल में लोकसभा अध्यक्ष रहे ओम बिड़ला को जगह नहीं दी गई है। माना जा रहा था कि स्पीकर का कार्यकाल पूरा करने के बाद बिड़ला को कैबिनेट में जगह मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं होने से अब उनके भविष्य को लेकर कई तरह के कयास लगाए जाने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक बिड़ला के लिए बड़ी भूमिका वाले रास्ते अभी भी खुले हुए हैं।

# लौट के सिंधिया टेलिकॉम में आए

## ज्योतिरादित्य के काम आएगा मनमोहन के दौर का अनुभव



**नई दिल्ली.** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को संचार मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि दूरसंचार क्षेत्र और भारतीय डाक विभाग दोनों को आगामी वर्षों में वैश्विक और स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। 53 वर्षीय सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में क्रांति आई है और उन्होंने प्रधानमंत्री तथा देश की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप सर्वोत्तम कार्य करने का संकल्प लिया है।

सिंधिया ने कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से कहा, ''यह वास्तव में मेरे लिए सम्मान की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझे संचार मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है। दूरसंचार प्रभाग के साथ-साथ भारतीय डाक प्रभाग को वैश्विक स्तर के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है, ताकि देश और दुनिया भर में लाखों लोगों के दिलों में जगह बनाई जा सके।'' बता दें कि सिंधिया ने लगभग डेढ़ दशक पहले संचार राज्य मंत्री के रूप में सेवाएं दी थीं। सिंधिया ने कहा, ''यह मेरे लिए एक तरह से एक चक्र पूरा करने जैसा है। मैंने कई साल पहले 2007, 2008 और 2009 में इस विभाग में कनिष्ठ मंत्री के तौर पर काम किया। इसलिए मेरे लिए यह एक ऐसा विभाग है जिसके साथ मेरा भावनात्मक जुड़ाव रहा है।''

### ट्रक में घुसी इको कार, 2 भाइयों समेत 3 की मौत

मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में तीन की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। एक कार हाईवे पर खड़े ट्रक से जा भीड़ी। इस दौरान कार सवार तीन की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य 7 घायल हो गए। हादसा खरखौदा में हुआ।

# वंदे भारत में भी चढ़ गए बिना टिकट वाले यात्री

### ट्रेन की जनरल बोगी भी हो गई फेल

**लखनऊ.** ट्रेनों में बिना टिकट वाले यात्रियों के AC कोच में चढ़ जाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। मगर, अब तो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी इससे अछूती नहीं रही। जी हां, लखनऊ-हरिद्वार वंदे भारत से ऐसा ही मामला सामने आया है। इस ट्रेन में बिना टिकट वाले ढेर सारे यात्री चढ़ गए, जिससे टिकट बुक करवा चुके लोगों को काफी परेशानी हुई। इसका वीडियो सामने आया है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इंटरनेट यूजर्स इसे देखकर हैरान हैं और सवाल कर रहे हैं कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। इसे लेकर रेलवे प्रशासन से भी सवाल पूछे जा रहे हैं।

वायरल वीडियो में कई यात्री ट्रेन नंबर 22545 में चढ़ते हुए दिख रहे हैं जो कुछ ही देर बाद सीट के लिए संघर्ष करने लगते हैं। इसे देखकर ऐसा लगता है जैसे कि



यह किसी ट्रेन का जनरल कोच हो। ट्रेन के स्लीपर और एससी कोच में बिना टिकट वाले यात्रियों के चढ़ने के मामले कई बार देखे गए हैं। हालांकि, इसे देखकर हैरानी होती है कि अब तो लोग वंदे भारत ट्रेनों में भी बिना टिकट के ही घुस जा रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए एक एक्स यूजर ने लिखा, 'यह देखिए कि कैसे बिना टिकट वाले यात्रियों ने वंदे भारत ट्रेन पर 'कब्जा' जमा लिया है।' इसके साथ उसने भारतीय रेलवे, लखनऊ रेलवे और इंडियन रेल मीडिया को टैग भी किया है।

# तिब्बत की 30 जगहों के नाम बदलेगा भारत

- अरुणाचल वाला बदला लेने को बड़ी तैयारी

**नई दिल्ली.** भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में तीसरी बार एनडीए सरकार बन चुकी है। इसी बीच खबर है कि सरकार अरुणाचल प्रदेश में चीन की गतिविधियों का जवाब उसी की भाषा में देने जा रही है। भारत ने तिब्बत में कई स्थानों का नाम बदलने का फैसला किया है। मंगलवार को ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पदभार संभाला है। उन्होंने भी चीन के साथ जारी सीमा विवाद को सुलझाने पर ध्यान लगाने की बात कही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सरकार ने तिब्बत में 30 स्थानों के नाम बदलने पर मुहर लगा दी है। ये नाम ऐतिहासिक शोध और तिब्बत क्षेत्र के आधार पर ही रखे जाएंगे। खबर है कि भारतीय सेना इन नामों को जारी करेगी और वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी LAC के मैप पर इन नामों को अपडेट कर दिया जाएगा। खास बात है कि सरकार की तरफ से कदम ऐसे समय पर उठाया जा रहा है, जब चीन ने अप्रैल में अरुणाचल प्रदेश के 30 नामों को बदला था। इस फैसले पर भारत की तरफ से भी कड़ा विरोध दर्ज कराया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, नामों की इस लिस्ट में 11 रिहाइशी इलाके, 12 पहाड़, 4 नदियां, 1 झील, 1 पहाड़ी पास और 1 जमीन का टुकड़ा है। चीन की तरफ से बार-बार दावा किया जाने के बाद भी भारत साफ करता रहा है कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है।

### क्या बोले विदेश मंत्री

जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत, चीन के साथ सीमा पर शेष मुद्दों को हल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय से जारी सीमा विवाद के कारण दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में काफी तनाव आया है। विदेश मंत्री के रूप में कामकाज संभालने के कुछ ही समय बाद जयशंकर ने पाकिस्तान से होने वाले सीमापार आतंकवाद का जिक्र किया और कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए प्रयास किये जाएंगे।

# शपथ समारोह देखने पहुंचे थे और बन गए मंत्री

### कैसे इस नेता की लगी लॉटरी

**नई दिल्ली.** भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में किसी भी मुस्लिम नेता को एंट्री नहीं मिली है। पीएम मोदी समेत कुल 72 मंत्रियों में एक भी मुस्लिम नहीं है, लेकिन अल्पसंख्यक समुदाय के 5 मंत्री जरूर हैं। इनमें से एक मंत्री जॉर्ज कुरियन की काफी चर्चा हो रही है, जो लोकसभा या राज्यसभा किसी भी सदन के मेंबर नहीं हैं। इसके बाद भी वह अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री हैं। वह केरल के रहने वाले हैं और ईसाई समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। उन्हें मंत्री पद दिए जाने के पीछे भाजपा की केरल में ईसाइयों को लुभाने की रणनीति बताई जा रही है। केरल में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई तीनों ही समुदायों की अच्छी आबादी है।



भाजपा को आमतौर पर हिंदुओं के एक वर्ग का समर्थन मिलता है। वहीं मुस्लिमों के बीच कांग्रेस की अच्छी पैठ है, जबकि ईसाई मत के लोग वामपंथी दलों के पाले में रहे हैं। जॉर्ज कुरियन को जिस तरह से मंत्री पद दिया गया, उस पर ज्यादातर लोगों को हैरानी हो रही है। यही नहीं खुद जॉर्ज कुरियन भी उस वक्त हैरान हो गए थे, जब उन्हें पता चला कि वह आज मंत्री पद की शपथ लेंगे। जॉर्ज कुरियन के मुताबिक वह शनिवार की शाम को मोदी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का गवाह बनने के लिए दिल्ली आए थे।

लेकिन रविवार की सुबह वह हैरान रह गए, जब पता चला कि वह भी मंत्री पद की शपथ लेंगे। इसका उन्हें खुद भी किसी तरह से अंदाजा नहीं था क्योंकि वह न तो लोकसभा के और ना ही राज्यसभा के सांसद हैं। केरल में भाजपा से जुड़ने वाले ईसाई समुदाय के कई नेता रहे हैं। फिर भी कुरियन पर ही भरोसा जताने की वजह यह है कि वह भाजपा के लिए वफादार रहे हैं।

### टोल मांगा तो प्लाजा पर चला दिया बुलडोजर

**हापुड़.** हापुड़ में टोल टैक्स मांगे जाने पर एक जेसीबी ड्राइवर गुस्से से भड़क गया। उसने टोल प्लाजा पर बुलडोजर (जेसीबी) चला दिया। जेसीबी को तोड़फोड़ करता देख टोल कर्मचारी घबराकर भाग निकले। उन्होंने किसी तरह अपनी जान बचाई। तोड़फोड़ मचाने के बाद जेसीबी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि करीब 60 किलोमीटर पीछा करने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जेसीबी ड्राइवर नशे में था। उसने कुछ और गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।

# RSS सदस्य ने बीजेपी IT सेल हेड से माफी मांगी

## कहा- पोस्ट में अमित मालवीय को हनीट्रेप में नहीं फंसने की चेतावनी

**नई दिल्ली.** बीजेपी-IT सेल हेड अमित मालवीय पर कांग्रेस ने महिलाओं के यौन शोषण के आरोप लगाए थे। कांग्रेस ने RSS सदस्य सांतनु सिन्हा की फेसबुक पोस्ट को आधार बनाया था। इस पर अमित मालवीय ने सांतनु को 10 करोड़ का मानहानि का नोटिस भेजा था और पोस्ट डिलीट करने के साथ बिना शर्त माफी मांगने को कहा था।

आज मंगलवार (11 जून) को सांतनु ने अमित मालवीय से जुड़ी पोस्ट के लिए बिना शर्त माफी मांगी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- मुझे इस बात से बहुत दुख है कि देश की सबसे घटिया और भ्रष्ट राजनीतिक पार्टी कांग्रेस अमित मालवीय और भाजपा के खिलाफ नफरत का अभियान चला रही है।




उन्होंने कहा कि मैं यह स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं कि इस पोस्ट का उद्देश्य मालवीय को बदनाम करना नहीं था, बल्कि यह एक चेतावनी थी कि वे हनी ट्रैप में न फंसें, जिसे सबसे पहले बीजेपी के पूर्व स्टेट प्रेसिडेंट तथागत रॉय ने उजागर किया था।

सांतनु ने कहा कि अगर मेरी पोस्ट से मालवीय को ठेस पहुंची है और मेरी पार्टी की छवि खराब हुई है तो मैं इसके लिए दिल से दुख व्यक्त करता हूं। हालांकि, सिन्हा ने विवादित पोस्ट को हटाने से इनकार किया है।

### पुलिस मुठभेड़ में 2 बदमाश घायल

**कुशीनगर.** कुशीनगर के तमकुहीराज थानाक्षेत्र स्थित गाजीपुर में लग्जरी कार सवार बदमाशों और पुलिस टीम में मुठभेड़ हो गई। आमने-सामने की मुठभेड़ में पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने मौके से घायल बदमाशों सहित कार में सवार चार अपराधियों को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ गोरखपुर और बलिया में कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गए बदमाशों की जमा तलाशी में पुलिस को लगभग बीस हजार रुपए नगद, दो अवैध तमंचा व भारी मात्र में कारतूस व विभिन्न कंपनियों के 38 एटीएम कार्ड मिले हैं।

# चंद्रबाबू नायडू NDA विधायक दल के नेता चुने गए

### आंध्र प्रदेश गवर्नर से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया आज सुबह 11:27 बजे शपथ

**विजयवाड़ा.** आंध्र प्रदेश में नई सरकार बनाने के लिए मंगलवार (11 जून) को NDA की तेलुगु देशम पार्टी (TDP), जनसेना और भाजपा विधायकों ने विजयवाड़ा में मीटिंग की। इसमें TDP अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू को सर्वसम्मति से NDA विधायक दल का नेता चुना गया। एक्टर से नेता बने जनसेना प्रमुख पवन कल्याण को विधानसभा में फ्लोर लीडर चुना गया। इसके बाद नायडू और कल्याण राज्यपाल एस अब्दुल नजीर से मिलने राजभवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल मंगलवार शाम तक नायडू को सरकार बनाने का निमंत्रण दे सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, नायडू 12 जून को विजयवाड़ा में गन्नावरम एयरपोर्ट के पास केसरपल्ली IT पार्क में सुबह 11.27 बजे शपथ लेंगे। CM के तौर पर यह उनका



चौथा कार्यकाल होगा। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। चर्चा है कि नायडू के साथ पवन कल्याण डिप्टी CM पद की शपथ ले सकते हैं। इसके अलावा TDP महासचिव और नायडू के बेटे नारा लोकेश और जनसेना नेता एन मनोहर के भी शपथ लेने की संभावना है। नायडू के मंत्रिमंडल में TDP को 20, जनसेना को तीन और भाजपा को दो मंत्री पद मिल सकता है।

आंध्र प्रदेश में 4 जून को लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आए थे। विधानसभा में NDA ने 175 में से 164 सीटें जीतकर एकतरफा जीत हासिल की। इसमें नायडू की TDP को 135, पवन कल्याण की जनसेना को 21 और भाजपा को 8 सीटें मिली हैं। जगन मोहन रेड्डी की YSRCP को केवल 11 सीटों मिलीं। कांग्रेस राज्य में अपना खाता भी नहीं खोल सकी। इस बार जगन मोहन रेड्डी की बहन वाई एस शर्मिला रेड्डी राज्य में कांग्रेस की अगुआई कर रही थीं। वे आंध्र प्रदेश में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष हैं।

राज्य की 25 लोकसभा सीटों में से NDA ने 21 सीटों पर जीत दर्ज की है। इनमें TDP ने 16, भाजपा ने 3 और जनसेना पार्टी ने 2 सीटें जीती हैं। YSRCP को 4 सीटें मिली हैं।

**रियासी हमले का चश्मदीद बोला**

# खाई में गिरे इसलिए जिंदा हैं

## चीखना बंद किया तब फायरिंग रुकी



**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के रियासी आतंकी हमले में घायल हुए मेरठ के प्रदीप कुमार ने घटना को लेकर नए खुलासे किए हैं। उन्होंने मंगलवार (11 जून) को कहा- भगवान का शुक्र है कि हमले के बाद हमारी बस खाई में गिर गई। अगर बस खाई में नहीं गिरती तो आतंकी हम सभी को मार डालते। खाई में गिरने से हम जिंदा बच गए। हालांकि, खाई में गिरने के बाद भी आतंकी गोली चला रहे थे। जब तक सभी यात्रियों की चीख बंद नहीं हुई, तब तक गोलीबारी जारी रही।

दरअसल, 9 जून को पीएम मोदी के शपथ ग्रहण से एक घंटा पहले जम्मू-कश्मीर में शिव खोड़ी से कटरा जा रही बस पर 2 आतंकियों ने गोलीबारी की। ड्राइवर को गोली लगने पर 53 सीटर बस खाई में गिर गई। घटना में 9 लोगों की मौत हुई और 41 लोग घायल हुए। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन कोई संदिग्ध नहीं मिला। प्रदीप इसी बस में सवार थे। उन्होंने कहा कि आतंकी सेना जैसी वर्दी पहनकर आए थे।

- चश्मदीद बोला- नींद खुली तब बस खाई में गिर रही थी

घायल प्रदीप ने कहा कि बस शिव खोड़ी मंदिर से निकली ही थी। लोग वैष्णो देवी की ट्रैकिंग के बाद थक गए थे। कई यात्रियों की नींद लग गई थी। मैं भी सो गया था। बस घाटी पर चढ़ रही थी। इसलिए स्पीड धीरे थी। शाम करीब 6 बजे अचानक गोलियों की आवाज आई। सामने बैठे लोग चिल्लाने लगे। मेरी नींद खुली, तब बस खाई से नीचे जा रही थी। मुझे लगातार गोलियों की आवाज आ रही थी। बस एक पेड़ और छोटे पहाड़ के बीच में फंस गई। इसके बाद रोड से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। अगर हम मरने की एक्टिंग नहीं करते तो शायद आज जिंदा नहीं होते।

### 5 टीमें सर्च ऑपरेशन में लगीं, NIA भी जांच में जुटी

हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को जम्मू-कश्मीर के **LG** ने 10 लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि भी दी जाएगी। घायलों की मदद के लिए घटनास्थल के पास ही कंट्रोल रूम भी बनाया गया। पुलिस, आर्मी और **CRPF** की एक संयुक्त टीम तैयार कर हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। सर्च ऑपरेशन के लिए अलग से 5 टीमें भी बनाई गई हैं। **NIA** की टीम भी जांच के लिए घटनास्थल पहुंच गई है।

# टी-20 वर्ल्डकप- बांग्लादेश पर साउथ अफ्रीका की जीत

### एक रोचक फैक्ट

बांग्लादेश टी-20 इंटरनेशनल में साउथ अफ्रीका को अब तक नहीं हरा सका है। दोनों टीमों 9 मैच खेल चुकी हैं।

## नसाउ की पिच पर 113 का स्कोर भी चेज नहीं हुआ; आखिरी 18 बॉल पर 20 रन चाहिए थे

साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश पर 4 रन की रोमांचक जीत हासिल की है। अफ्रीकी टीम ने बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार चौथे मैच में हराया है, दोनों के बीच अब तक 4 मैच ही खेले गए हैं। नसाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 113 रन बनाए। 114 रन चेज कर रही बांग्लादेशी टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 109 रन ही बना सकी। लेग स्पिनर केशव महाराज इस जीत के हीरो रहे। उन्होंने आखिरी ओवर में 11 रन डिफेंड किए। महाराज ने इस ओवर में 2 विकेट भी लिए। उन्होंने कुल 3 विकेट लिए। हेनरिक क्लासन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 44 बॉल पर 46 रनों की पारी खेली।




**प्लेयर्स परफॉर्मेंस:** मिलर-क्लासन ने स्कोर 100 पार पहुंचाया; महाराज को 3 विकेट

टॉस जीतकर बैटिंग कर रही साउथ अफ्रीका की ओर से हेनरिक क्लासन ने 44 बॉल पर 46 रन बनाए। वहीं, डेविड मिलर ने 29 रन का योगदान दिया। दोनों ने 5वें विकेट के लिए 79 बॉल पर 79 रनों की अहम साझेदारी की और टीम को 100 का आंकड़ा पार कराया। तंजीत हसन शाकिब ने 3 विकेट लिए। तस्कीन अहमद को 2 विकेट मिले। रिशाद हुसैन को भी एक सफलता मिली।

रन चेज में बांग्लादेश की ओर से तौहीद हृदोय ने सबसे ज्यादा 37 रन की पारी खेली। महमूदुल्लाह ने 20 रन बनाए। केशव महाराज ने 3 विकेट चटकाए, जबकि कगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्त्या ने 2-2 विकेट लिए।

# कलेक्टर-SP ऑफिस के सामने लगाया सफेद ध्वज

## उपद्रवियों ने 75 बाइक, 20 कार, 2 दमकल वाहन फूंके; आगजनी में कई दस्तावेज खाक

**बलौदाबाजार.** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में सतनामी समुदाय के प्रदर्शन के दौरान सोमवार को उपद्रवियों ने 75 बाइक, 20 कार और 2 दमकल वाहन को आग के हवाले कर दिया गया। लोगों ने कलेक्ट्रेट में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। इसके बाद कुछ लोगों ने कलेक्ट्रेट में आगजनी की।

इससे कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर खाक हो गए। वहीं उपद्रवियों ने कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित ध्वजारोहण के पोल पर सफेद रंग का ध्वज लगा दिया था। मामले में अब तक पुलिस ने 150 लोगों को हिरासत में लिया है।

प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। इसमें पुलिसकर्मियों सहित कुछ लोग भी घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद डिप्टी CM विजय शर्मा सोमवार देर रात घटनास्ठल पहुंचकर मौके का जायजा लिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपद्रवियों की गिरफ्तारी के आदेश जारी कर दिए हैं।

### IG और कमिश्नर को मौके पर भेजा गया

इस घटना के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपद्रवियों की गिरफ्तारी के आदेश जारी कर दिए हैं। मौके पर IG और कमिश्नर को भेजकर रिपोर्ट तलब की गई है। इससे पहले CM ने इस मामले में उच्च स्तरीय बैठक बुलाई और मुख्य सचिव व DGP को तलब किया।

संक्षेप...

## उच्च रिटर्न के वादे के लालच में आकर गंवाए 40.75 लाख

**ठाणे.** ठाणे शहर के एक 48 वर्षीय व्यक्ति को कुछ लोगों ने उच्च रिटर्न के लिए शेयरों की ट्रेडिंग में लालच देकर कथित तौर पर 40.75 लाख रुपये की ठगी की है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने इस साल मार्च से अलग-अलग मौकों पर एक निजी कंपनी में काम करने वाले व्यक्ति से संपर्क किया और उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य बनाया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद उन्होंने उसे एक एप्लीकेशन डाउनलोड करके शेयर ट्रेडिंग में शामिल होने के लिए कहा और इसके जरिए उसने जो पैसा निवेश किया, वह आरोपियों के खातों में चला गया। जब व्यक्ति ने रिटर्न और निवेश की गई राशि मांगी, तो आरोपियों ने टालमटोल वाला जवाब दिया।

# अजित बोले- NDA में रहेंगे, लेकिन कैबिनेट से कम कोई पद स्वीकार नहीं

**मुंबई.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के 25 वें स्थापना दिवस समारोह पर मुंबई में पार्टी अध्यक्ष और महाराष्ट्र के डिप्टी CM अजित पवार ने चाचा शरद पवार की तारीफ की। उन्होंने मुंबई में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा- 1999 से शुरू हुई इस पार्टी को 25 साल हो गए। 24 साल तक पार्टी का नेतृत्व करने के लिए चाचा शरद पवार को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन लोगों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जो पार्टी की स्थापना के बाद से लगातार पार्टी के साथ बने हुए हैं। इसके अलावा उन्होंने NDA सरकार में कैबिनेट पोर्टफोलियो की फिर से मांग की। उन्होंने कहा कि हम कैबिनेट से कम कोई पद स्वीकार नहीं करेंगे, क्योंकि भाजपा ने हमसे



कहा था कि उन्हें अपने सहयोगियों को कैबिनेट पद देने की जरूरत है। हालांकि, कैबिनेट न मिलने पर भी उन्होंने NDA के साथ रहने की बात की। उन्होंने कहा- हम NDA का हिस्सा बने रहेंगे। NDA की फिलहाल 284 सीटें हैं, लेकिन लोकसभा सत्र शुरू होते-होते ये आंकड़ा 300 पार हो जाएगा।

### प्रफुल्ल पटेल ने ठुकराया था मंत्री पद

भाजपा की ओर से NCP के राज्यसभा सांसद को राज्य मंत्री का पद ऑफर किया गया था, लेकिन उन्होंने इसे डिमोशन बताते हुए ठुकरा दिया था। केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके प्रफुल्ल पटेल ने कहा था कि उन्हें स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री का पद स्वीकार करना उचित नहीं लगा। इसलिए हम कुछ दिन इंतजार करने को तैयार है, लेकिन हमें कैबिनेट पद ही चाहिए।

### विपक्ष ने भ्रम फैलाया, जिसका हमें नुकसान हुआ

लोकसभा चुनाव में 4 सीटों पर लड़ी NCP सिर्फ 1 ही सीट जीती पाई। अजित ने स्वीकार किया कि पार्टी नेता सुनील तटकरे ने रायगढ़ लोकसभा सीट जीतकर पार्टी की छवि बरकरार रखी है। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा शिवाजी महाराज और बाबासाहेब अंबेडकर पर आधारित है, लेकिन इस चुनाव में विपक्ष ने संविधान बदलने की बात कहकर भ्रम फैलाया। इसका नुकसान हमें उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन को महाराष्ट्र में 43.90 प्रतिशत वोट मिला है, जिससे उनको 30 सीटों पर जीत मिली है। वहीं, हमारे गठबंधन महायुति को 43.30 प्रतिशत वोट मिला है, जिससे हमें 17 सीटें मिली हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने चुनाव जनता में डर पैदा करके जीता है, लेकिन विधानसभा चुनाव में ऐसा नहीं होगा। हम तीनों सहयोगी पूरे समन्वय के साथ मजबूती से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और राज्य में महायुति की सरकार बनाएंगे।

मनपा आयुक्त डॉ. जाखड़ के आदेश के बाद

## कल्याण ईस्ट स्काईवॉक पर की गई साफ-सफाई



**कल्याण.** कल्याण ईस्ट स्काईवॉक साफ-सफाई के अभाव के कारण गंदा था। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली की शिकायत पर कल्याण डोंबिवली मनपा आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ के आदेश के बाद कल्याण पूर्व स्काईवॉक की सफाई की गई।

पिछले कई महीनों से कल्याण ईस्ट स्काईवॉक कचरे से भरा हुआ था। स्वच्छता की उपेक्षा के कारण स्थिति दयनीय थी। यहां से सफर कर रहे आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने इस बारे में ट्वीट किया और फिर कमिश्नर डॉ. इंदु रानी जाखड़ को इसकी जानकारी दी। कमिश्नर ने तुरंत शिकायत पर संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को आदेश जारी किया। इसके बाद चक्र घुमाए गए और स्काई वॉक, जो कई महीनों से अस्वच्छ था, पूरी तरह साफ हो गया।

# महिला ने बैंक अधिकारी बनकर 54 करोड़ से अधिक की ठगी की

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस ने एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिसने कथित तौर पर एक राष्ट्रीयकृत बैंक की अधिकारी बनकर मुंबई महानगर क्षेत्र लौह एवं इस्पात बाजार समिति से 54 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कलंबोली स्थित समिति के एक अधिकारी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, एक महिला ने जून 2022 में पनवेल में एक राष्ट्रीयकृत बैंक की प्रबंधक बनकर सदस्यों और पदाधिकारियों से संपर्क किया।

अधिकारी ने कहा कि उसने उनका विश्वास हासिल किया और समिति के धन को सावधि जमा में





निवेश करने का लालच दिया। उसने फर्जी दस्तावेजों के साथ कोटेशन जमा करने के बाद उन्हें उच्च ब्याज दर का वादा किया। उन्होंने कहा कि सदस्यों और पदाधिकारियों ने 54.28 करोड़ रुपये का निवेश किया और आरोपी महिला ने इसके लिए फर्जी और मनगढ़ंत रसीदें जारी कीं। अधिकारी ने कहा कि जब समिति ने जमा की अवधि समाप्त होने पर धन वापसी और ब्याज मांगा, तो उसने टालमटोल जवाब दिया और राशि वापस नहीं की। उन्होंने बताया कि आरोपी ने 24 मई, 2024 को बैंक के कोषागार एवं निवेश विभाग द्वारा जारी एक फर्जी पत्र भी पेश किया, जिसमें पैसे और ब्याज राशि लौटाने के लिए और समय मांगा गया था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 465 और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

# मरीन ड्राइव से हाजी अली @10 मिनट





- मुंबई में 6.2 किमी की यह सुरंग करिश्मा है

**मुंबई.** ट्रैफिक से जूझ रहे मुंबई के लोगों को जल्द ही इस समस्या से एक हद तक निजात मिलने जा रही है. मुंबई कोस्टल रोड की दूसरी अंडरग्राउंड टनल मंगलवार से आम मुंबईकरों के लिए शुरू हो गई. हिन्दू रीति-रिवाज से इस टनल का उद्घाटन किया. इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कोस्टल इसका निरीक्षण भी किया. मुंबई नगर निगम की तटीय सड़क परियोजना के तहत मरीन ड्राइव से शुरू होने वाली दूसरी भूमिगत सुरंग उत्तर दिशा में मंगलवार से यातायात के लिए खोल दी गई.

### दिन में 16 घंटे खुली रहेगी टनल

ये टनल हफ्ते में 5 दिन सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक यानी कुल 16 घंटे तक खुली रहेगी. शनिवार और रविवार को रखरखाव के लिए इसे बंद रखा जाएगा.

दक्षिण मुंबई को वर्ली से जोड़ने वाली 10.58 किलोमीटर लंबी तटीय सड़क 8 लेन की है, लेकिन सुरंग में 6 लेन हैं. बसों के लिए एक अलग लेन है. इस सड़क पर दो सुरंग हैं. जिनका निर्माण प्रियदर्शिनी पार्क और गिरगांव चौपाटी के बीच किया जा रहा है. दक्षिण की ओर जाने वाली सुरंग की खुदाई जनवरी 2021 में शुरू हुई और जनवरी 2022 में समाप्त हुई थी.

बीएमसी की तरफ से लगातार कोस्टल रोड का काम किया जा रहा है. बीएमसी 10 जुलाई तक बिंदुमाधव ठाकरे चौक तक के चरण को खोलने की भी कोशिश कर रही है, ताकि मुंबई तटीय सड़क परियोजना के जरिये उत्तर की यात्रा करना आसान हो सके.

### मरीन लाइंस से हाजी अली जाना होगा आसान : CM शिंदे

इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि इस टनल के खुलने से मुंबई के लोगों को ट्रैफिक की समस्या से छुटकारा मिलेगा. मरीन लाइंस से हाजी अली के बीच यात्रा करना अब आसान होगा.

## पिता ने 5 महीने की बच्ची को फर्श पर पटका, हुई मौत

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई में एक शख्स ने मामूली बात पर अपनी मासूम बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। उधर, घटना के बाद बच्ची की मां सदमे में है।

पुलिस के मुताबिक, घटना नवी मुंबई के उरण की है। जहां एक 21 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पत्नी से झगड़े के बाद पांच महीने की बेटी को फर्श पर पटक कर मार डाला। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कोटेपाटिल ने बताया कि आरोपी खुशीराम ठाकुर शराब का आदी है। उसका पत्नी के साथ अक्सर झगड़ा होता था। घटना वाले दिन भी किसी बात को लेकर खुशीराम का अपनी पत्नी अमृता के साथ झगड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच बहस बढ़ती चली गई और फिर आरोपी ने 5 महीने की बेटी को उठाकर फर्श पर पटक दिया।

# 1.30 करोड़ रुपये का सोना चुराने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे शहर में पुलिस ने 1.30 करोड़ रुपये के सोने की चोरी के सिलसिले में आभूषणों की दुकान के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। ठाणे के नौपाड़ा की सहायक पुलिस आयुक्त प्रिया ढकने ने बताया कि पुलिस के एक दल ने 11 मई को नौपाड़ा इलाके में एक दुकान में हुई चोरी के सिलसिले में शुक्रवार को आरोपी विशाल सिंह कानसिंह राजपूत (29) को राजस्थान के माउंट



आबू से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी दुकान में कर्मचारी के रूप में काम करता था और उसने कथित तौर पर 1.30 करोड़ रुपये के आभूषणों की चोरी कर ली। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 381 (चोरी) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि विशाल की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है और मुंबई में उसके नाम पर चोरी का एक मामला दर्ज है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने दुकान से अपना आधार कार्ड और पहचान से जुड़े अन्य दस्तावेज भी ले लिए थे। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर पुलिस को पता चला कि विशाल ने ठाणे से वसई जाने के लिए दस ऑटोरिक्शा बदले थे, जहां से उसने अहमदाबाद के लिए बस ली थी। अधिकारी ने बताया कि अगले कुछ हफ्तों के दौरान आरोपी विशाल गुजरात और राजस्थान में अपने ठिकाने बदलता रहा, उसके बाद उसे माउंट आबू में पकड़ा गया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अभय महाजन ने बताया कि आरोपी से 1.26 करोड़ रुपये के आभूषण बरामद किए जा चुके हैं और उसे 12 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# कल्याण पूर्व में पानी समस्या से लोग त्रस्त

- जलापूर्ति सुचारू करने की मांग

शिवसेना शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ ने मनपा आयुक्त से की मुलाकात

**कल्याण.** कल्याण पूर्व के खड़गोलवली सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई महीनों से कम दबाव से पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे यहां के नागरिक पानी समस्या से जूझ रहे हैं। पानी की कमी को लेकर नागरिकों ने कई बार महानगर पालिका प्रशासन से शिकायत की, आवेदन दिये, लेकिन पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। पानी संकट को लेकर मंगलवार को शिवसेना के कल्याण पूर्व शहर प्रमुख महेश गायकवाड ने मनपा आयुक्त डॉ. इंदुराणी जाखड़ से





मुलाकात कर पानी की समस्या से अवगत कराया और सुचारू रूप से जलापूर्ति करने की मांग की। इस मौके पर मनपा आयुक्त ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पानी के दबाव को लेकर कार्रवाई की जाएगी। कल्याण पूर्व में अधिकांश स्थानों पर पानी की टंकी बनाने का काम भी 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अमृत योजना के तहत चल रहे काम अगले दिसंबर तक पूरे होने के बाद कल्याण पूर्व में पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। इस विषय में शहर प्रमुख महेश गायकवाड ने कहा कि खडेगोलवली, नांदिवली, आशेले आदि ग्रामीण इलाकों में कम दबाव से हो रही पानी की आपूर्ति नागरिकों के परेशानी का सबब बनी हुई है। इस क्षेत्र में आधे घंटे से एक घंटे तक पानी छोड़ा जाता है, और कभी-कभी नहीं छोड़ा जाता, जिससे नागरिक पानी के बिना परेशान हो रहे हैं।

# धमकियों के बावजूद शूटिंग करेंगे सलमान



- 18 जून से मुंबई में शूट करेंगे 'सिकंदर' का पहला शेड्यूल
- रश्मिका भी जॉइन करेंगी

लगातार मिल रही जान से मारने की धमकियों के बीच सलमान खान 18 जून से मुंबई में अपनी अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग शुरू करेंगे।

इस फिल्म में सलमान के अपोजिट एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना नजर आने वाली हैं। वो भी इस पहले शेड्यूल में अपने कुछ सीन शूट करेंगी। इस शेड्यूल में मेकर्स फिल्म का एक एयर-एक्शन सीक्वेंस शूट करने की प्लानिंग कर रहे हैं। ए.आर मुरुगदास के निर्देशन में बन रही यह फिल्म अगले साल ईद पर रिलीज होगी।

### 3 महीने में 2 बार अटैक की कोशिश

सलमान पर बीते 3 महीने में दो बार अटैक की कोशिश की गई है। पहले 14 अप्रैल को उनके बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट पर सुबह 5 बजे फायरिंग की गई थी। इसके अलावा मई के अंत में नवी मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है जो पनवेल में सलमान की कार पर अटैक करने की प्लानिंग कर रहे थे। ऐसे में सलमान का मुंबई में ही फिर से शूटिंग शुरू करना बड़ी बात है। हालांकि, इतना तय है कि सेट पर एक्टर के लिए हैवी सिक्योरिटी का इंतजाम किया जाएगा। हालांकि, इसी बीच सलमान दो बार विदेश भी ट्रैवल कर चुके हैं। पहले वो फायरिंग इंसीडेंट के 5 दिन बाद ही एक इवेंट में शामिल होने दुबई पहुंचे थे।

## अग्रवाटिकाधाम व गौशाला समिति की ओर से मेंटल अस्पताल में फल वितरण

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** शहर स्थित मेंटल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती मरीजों के लिए लोकसभा चुनाव में विजयी हुए सांसद नरेश म्हस्के के खुशी में 1100 सेव वितरण किया गया। यह फल वितरण अस्पताल के अधीक्षक डॉ. नेताजी मुलिक व उपाधीक्षक डॉ. प्राची चिवटे के मार्गदर्शन में किया गया।ट्रस्ट के ओमप्रकाश झाझुका ने बताया कि



हमारी संस्था सामाजिक,धार्मिक आपात की स्थिति में सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने ने यह भी आश्वासन दिया कि अस्पताल में हमारी संस्था व समाज की ओर से सदैव सेवा जारी रहेगीं। इस अवसर पर मनोज झाझुका, कृषिव झाझुका, वरिष्ठ पत्रकार मुनीर अहमद मोमिन, फहीम अंसारी, धर्मेंद्र उपाध्याय, सुदाम खारकर, अस्पताल की डायटीशियन प्रिया गुरव,किरण अंदाडे, बीरज चौहान,अनीता मोरे सहित तमाम कर्मचारियों के सहयोग से फल का वितरण किया गया।

## लावारिश शव के शिनाख्त की अपील

**उल्हासनगर.** कल्याण-अंबरनाथ रोड पर फॉलोअर लाइन चौक में श्रीराम ट्रेडर्स की दुकान के पास एक अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ पाया गया, उसे चिकित्सा के लिए एम्बुलेंस द्वारा मध्यवर्ती अस्पताल, उल्हासनगर में लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे प्रवेश से पहले ही मृत घोषित कर दिया। अज्ञात मृत व्यक्ति का विवरण- उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष, पतला शरीर और



अंगों पर झुर्रियां, बाल और दाढ़ी बढ़ी हुई, चेहरा उभरा हुआ, नाक सीधी, रंग सांवला, आंखें काली और बंद, नेसस- फुल स्लीव वाली शर्ट, फुल पैंट. यदि उपरोक्त विवरण के व्यक्ति के कोई उत्तराधिकारी या रिश्तेदार हैं, तो उन्हें मध्यवर्ती पुलिस स्टेशन से संपर्क करना चाहिए, ऐसी अपील मध्यवर्ती पुलिस स्टेशन के पुलिस हवलदार एम. आर. डोईफोडे ने की है।

## मुंबई ATS ने अवैध दस्तावेजों के साथ चार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा, चुनाव में दे चुके हैं वोट

**मुंबई.** महाराष्ट्र में मुंबई एटीएस ने चार बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया। एटीएस ने पांच अन्य बांग्लादेशियों की पहचान की है, जिसकी तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए वोटर आईडी कार्ड बनवाकर लोकसभा चुनाव में मतदान भी किया। आरोपियों की पहचान रियाज हुसैन शेख, सुल्तान सिद्धियाउ शेख, इब्राहिम शफीउल्ला शेख और फारूक उस्मानगानी शेख के तौर पर की गई है।

### आम सूचना

मैं श्रीमती रेखा हरगोविंद रंगवानी सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 5, बैरक नं. 434-ए , ग्राऊंड+पहला माला, उल्हासनगर -2. (टैक्स नं. 22बीआय01667000) उक्त प्रॉपर्टी श्री भारत आर. मोटवानी व श्री मनीष आर. मोटवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.12.2017 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती रेखा हरगोविंद रंगवानी**

### आम सूचना

मैं श्री अमर मोरंदमल रामचंदाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि डॉ. नारायणदास अपार्टमेंट्स, 2रा माला, फ्लैट नं. 5, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 16बीआय015910200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती ईश्वरीबाई मोरंदमल रामचंदाणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 16.7.1995 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अमर मोरंदमल रामचंदाणी**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
उल्हास वि NEWS ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099